RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 31 जनवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 280 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# नाथूराम गोडसे के पिस्तौल की गोली से नहीं हुई महात्मा गांधी की मौत !

## क्या है कांग्रेस की प्रतिक्रिया



**महाराष्ट्र :** मंगलवार को पूरे देश ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, लेकिन इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने यह दावा कर सनसनी फैला दी कि महात्मा गांधी की मौत नाथूराम गोडसे की पिस्तौल से चली गोली से नहीं हुई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि इस मामले की ठीक से जांच नहीं होने के कारण नेहरू परिवार को इसका राजनीतिक फायदा हुआ था। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं ने सावरकर के इस बयान पर निशाना साधा है। विधानसभा में नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कहा है कि रंजीत सावरकर 100 किताबें लिख लें, वे महात्मा गांधी के योगदान को मिटा नहीं सकते हैं। गांधी की हत्या किस प्रवृत्ति के लोगों ने किया था। इस पर पर्दा नहीं डाला जा सकता है। किसी की किताब इतिहास में लिखे सच को मिटा नहीं सकती।

### क्या है रंजीत सावरकर का दावा...

रंजीत का दावा है कि गोली नाथूराम गोडसे के पिस्तौल से नहीं चली थी, लेकिन इससे पहले भी नाथूराम ने गांधी को कई बार मारने का प्रयास किया था। यह भी इतिहास में दर्ज है। इसे कैसे भुलाया जा सकता है। वडेट्टीवार ने कहा कि जब गांधी की हत्या की गई तब देश के बंटवारे का कोई विषय नहीं था। फिर गोली क्यों चलाई गई। उन्होंने कहा कि रंजीत सावरकर चाहे कितनी भी किताबें लिख कर दावा करें लेकिन इतिहास के सच पर पर्दा नहीं डाला जा सकता है। महात्मा गांधी की हत्या गोडसे ने की थी और यही सच है। इतिहास में दर्ज सच के मुताबिक गोडसे ने 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### गोडसे आतंकवादी था और आगे भी रहेगा

महाराष्ट्र कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे ने कहा कि नाथूराम गोडसे देश का पहला आतंकवादी था, जिसने निहत्थे महात्मा गांधी पर गोली चलाई थी। गांधी ने इस देश के बहुजनों को सत्ता दिलाई और उन्हें न्याय दिलाया। इसका गुस्सा इन लोगों के मन में था। इससे पहले गांधी को मारने की 7 बार कोशिश की गई थी। ये सारे प्रयास नाथूराम गोडसे ने किए थे। एक बात तय है कि जो पाप गोडसे ने किया, इससे उन्हें छुटकारा नहीं मिल सकता है। अतुल ने कहा कि इस देश के राष्ट्रपिता की हत्या करने वाला नाथूराम गोडसे हमारे लिए आतंकवादी था और आगे भी रहेगा।

# मुंबई में बंदूक की नोक पर डकैती डालने वाले पांच आरोपियों को वाकोला पुलिस ने राजस्थान से किया गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के सांताक्रूज पश्चिम वाकोला पुलिस स्टेशन की हद में 19 जनवरी को 5 आरोपीयो ने फरियादी और उसकी पत्नी से मारपीटकर बंदूक की नोक पर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। डकैतों ने 2 किलो 232 ग्राम सोने और 385 ग्राम चांदी के गहने लूटकर फरार हो गए। डकैती की सूचना मिलते ही वाकोला पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच सुरु की। घटना की वारदात से तांत्रिक विश्लेषण और सूत्रों की मदद से आरोपियों के सफाले पालघर होने के बारे में जानकारी मिली। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम बनाकर वाकोला पुलिस ने दो आरोपियों को सफाले पालघर से गिरफ्तार कर लिया।

दोनो आरोपीयो से अधिक जांच करने पर तीन आरोपीयो के राजस्थान में होने के बारे में पता चला। वकोला पुलिस ने राजस्थान में जाल बिछाकर वहां से तीन आरोपियों की गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पाचों आरोपियों के नाम बालुसिंह भैरवसिंह परमार (20), महिपाल चंगराम सिंह (21), लेरुलाल उर्फ लकी मीठालाल भूल 21 वर्ष मांगीलाल मीठालाल भिल (28), मंगीलाल मिठालाल भिल (28) और कैलाश भरवलाल भिल (29) वर्ष है। ये सभी आरोपी मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं।

इन पाचों आरोपियों ने पुलिस ने डकैती के सभी मालमत्ता बरामद कर लिया है। जिसमें 2 किलो 232 ग्राम सोना जिसकी कीमत 1 करोड़ 42 लाख 84 हजार और 385 ग्राम चांदी जिसकी कीमत 29 हजार रुपये है। टोटल 1 करोड़ 43 लाख 14 हजार रुपये की मालमत्ता बरामद की गई है। आरोपीयो ने जिस बंदूक की मदद से वारदात को अंजाम दिया था। उस बंदूक को भी बरामद कर लिया है। वाकोला पुलिस इन आरोपीयो से यह जांच कर रही है कि इन आरोपियों ने इस तरह बंदूक की नोक पर मुंबई में कहां-कहां डकैती की वारदात को अंजाम दिया है और इनके गैंग में और कितने लोग शामिल रहते थे।

# नालासोपारा में दहिसर निवासी को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया



**नालासोपारा :** मुंबई से सटे नालासोपारा में एक शख्स देशी पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। दहिसर का रहने वाले आरोपी नालासोपारा में पिस्तौल के साथ क्या करने पहुंचा था पुलिस इस विषय पर जांच कर रही है। पुलिस को जैसे ही जानकारी मिली कि भव्य नाम का एक शख्स इलाके में पिस्तौल के साथ घूम रहा है पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पेल्हार पुलिस स्टेशन के अपराध शाखा की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

# मुंबई में 2023 में 427.18 करोड़ की प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई



**मुंबई:** मुंबई पुलिस ने पिछले साल 913 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया है और शहर में नशीली दवाओं के कब्जे के 1,415 मामलों में कथित तौर पर शामिल 1,749 लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कुल कीमत -427.18 करोड़ है। आंकड़ों से पता चला है कि गांजा सबसे अधिक जब्त किया गया पदार्थ है। आंकड़ों से पता चला है कि पुलिस ने पिछले साल 643 किलोग्राम गांजा जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। मादक पदार्थ रखने के लिए व्यक्तियों के तहत मामले दर्ज किए गए

पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल पुलिस ने हेरोइन की जब्ती से संबंधित 34 मामले दर्ज किए थे, 39 लोगों को गिरफ्तार किया था और 4.22 करोड़ रुपये मूल्य की 2 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी। पुलिस ने चरस की जब्ती से संबंधित 44 मामले दर्ज किए थे, 76 लोगों को गिरफ्तार किया था और 13.57 करोड़ रुपये मूल्य की 46.21 किलोग्राम चरस जब्त की थी। पुलिस ने गांजा की जब्ती से संबंधित 823 मामले दर्ज किए हैं, 884 लोगों को गिरफ्तार किया है और 7.21 करोड़ रुपये मूल्य का 643.15 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जहां तक हाई-एंड ड्रग्स का सवाल है, पुलिस ने कोकीन जब्ती से संबंधित नौ मामले दर्ज किए हैं, 17 लोगों को गिरफ्तार किया है और 61.53 लाख रुपये मूल्य की 230 ग्राम कोकीन जब्त की है। पुलिस ने मेफेड्रोन या एमडी की जब्ती से संबंधित 418 मामले दर्ज किए हैं, 600 लोगों को गिरफ्तार किया है और 390.54 करोड़ रुपये मूल्य की 205.49 किलोग्राम एमडी जब्त की है। पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप से संबंधित 63 मामले भी दर्ज किए हैं, इन मामलों में 99 लोगों को गिरफ्तार किया है और 85.82 लाख रुपये मूल्य की 1618.7 लीटर कफ सिरप जब्त किया है। जहां तक सेवन के मामलों का सवाल है, पिछले साल पुलिस ने 9,933 नशीली दवाओं के सेवन के मामले दर्ज किए थे और इन मामलों में 9,896 लोगों को गिरफ्तार किया था।

# मुंबई पुलिस के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को बड़ी राहत...

## सीबीआई ने कथित उगाही मामले में दाखिल की क्लोजर रिपोर्ट...



**मुंबई :** मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह को बड़ी राहत मिली है। दरअसल सीबीआई ने परमबीर सिंह के खिलाफ कथित जबरन उगाही मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर मामले को बंद करने की अपील की है। परमबीर सिंह पर थाणे के एक बिजनेसमैन से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की जबरन उगाही करने के आरोप लगे थे। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि 'शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि के लिए सबूत नहीं हैं। साथ घटना के पांच साल बाद शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायतकर्ता कथित उगाही के रुपयों की डिलीवरी के लिए हुई बैठकों की कोई सटीक तारीख, समय या स्थान नहीं बता सका। आरोपी के खिलाफ अभियोजन शुरू करने के लिए कोई पुख्ता सबूत भी नहीं हैं।'




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## जदरांगल में शिक्षा का पानीपत...

इस हमाम में सब नंगे हैं-क्या भाजपा, क्या कांग्रेस। अब केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर का संताप वही भाजपा कर रही है, जो इसकी कतरब्यौंत की जिम्मेदार है। नाखून सिर्फ केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे पर नहीं चढ़े, बल्कि हिमाचल में हर सत्ता की टोह में कुर्बानियां यूं ही लिखी जाती हैं, वरना जिस धर्मशाला में ब्रिटिश विरासत के तहत आजादी के पहले से ही शिक्षा व चिकित्सा के सबसे अव्वल मुकाम लिखे गए, उससे यह साजिश न होती। पहला दौर चिकित्सा का आया और यहां की तत्कालीन विधायक चंद्रेश कुमारी से मेडिकल कालेज की नींव छीन कर जीएस बाली टांडा ले गए। प्रदेश के बड़े अस्पतालों में शुमार अस्पताल, जो कभी चंबा, ऊना व हमीरपुर के मरीजों को उपचार देता था, उसे धर्मशाला से बाकायदा छीना गया। इसके बाद वीरभद्र सिंह ने केंद्रीय विश्वविद्यालय की सौगात को धर्मशाला में चिन्हित किया, तो धूमल सरकार ने सियासी वास्तुकला के तहत इसका बोरिया बिस्तर समेटा और इस अजूबे को अंजाम देने के लिए तत्कालीन धर्मशाला के विधायक किशन कपूर ने संकल्प लिया कि इस तरह के संस्थान योग्य यह विधानसभा क्षेत्र नहीं है। यह पहला संस्थान था जिसे सियासत की हांडी में खिचड़ी की तरह उबाला जा रहा है। ऐसा वातावरण तैयार किया गया कि धर्मशाला की जमीन को अभिशप्त किया जाए और कारिंदे बदलते गए। तत्कालीन मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने सर्वप्रथम धर्मशाला की जमीन को खड्डों-नालों और भूकंप की जननी बता कर यहां की जनता का अपमान किया, तो यह तोहमत वर्तमान सरकार की चुप्पी तक पसर रही है। जिस स्थान में हिमाचल के सबसे बड़े और विश्व के अनूठे क्रिकेट स्टेडियम में पच्चीस हजार लोगों का जमावड़ा कोई हाय तौबा नहीं करता, उसी के बगल में जदरांगल सीयू की प्रस्तावित जमीन को कभी दिल्ली के पर्यावरण मंत्रालय, तो कभी कोलकाता के भूगर्भीय सर्वेक्षण की सतत निगरानी में अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है और अब एक साल से राज्य सरकार अनावश्यक अवरोध लगा रही है जबकि ढाई सौ करोड़ का बजट भी मुहैया है।

हम इसे कांगड़ा की राजनीतिक नामर्दी भी कह सकते हैं या यह मान सकते हैं कि यह क्षेत्र सत्ता का पिछलग्गू हो गया है। आश्चर्य यह कि जिस परिसर के पक्ष में दो बार के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहे शांता कुमार बार-बार दरख्वास्त कर रहे हैं, उस पर शिमला की सत्ता खामोश है। ऐसे में क्या चार बार के विधायक व पूर्व मंत्री रहे सुधीर शर्मा के विधानसभा क्षेत्र को अभिशप्त करने की कोई कोशिश है या कांगड़ा के लाभ अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की बपौती हैं। आश्चर्य यह कि वर्तमान सरकार हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर के सपने को साकार करती हुई देहरा व धर्मशाला परिसर के बीच घात-प्रतिघात कर रही है। बहरहाल भाजपा के विरोध एवं चक्का जाम ने जदरांगल परिसर की बिसात पर कांग्रेस से लोकसभा चुनाव का मुद्दा छीन लिया है। जदरांगल परिसर के एक छोर में धर्मशाला, दूसरे में पालमपुर, तीसरे में नगरोटा और चौथे में शाहपुर-कांगड़ा के सरोकार समाहित हैं। ऐसे में कांग्रेस एक मुद्दा भाजपा के सुपुर्द कर रही है। करीब महीने से आंदोलन पर बैठी जनता से बेखबर कांग्रेस सरकार शायद अपने लिए ऐसी सियासत चुन रही है, जिसका न कोई तर्क और न ही आधार है। जो सरकार मंडी विश्वविद्यालय के औचित्य पर प्रश्न टांक चुकी है, उससे यह अपेक्षा रही है कि जदरांगल की जमीन पर अपने नक्शे पुख्ता करती।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पूर्व पुलिसकर्मी सचिन वाजे ख्वाजा यूनुस की हिरासत में मौत मामले में बनना चाहते हैं सरकारी गवाह...

**मुंबई :** ख्वाजा यूनुस की हिरासत में मौत के मामले में बर्खास्त मुंबई पुलिस अधिकारी सचिन वाजे सरकारी गवाह बनने की मांग कर रहे है। इसके लिए सोमवार को उन्होंने एक अदालत के समक्ष याचिका दायर की है। बता दें कि 2003 के मामले में वाजे समेत चार पुलिसकर्मी मुकदमे का सामना कर रहे हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन पवार के समक्ष दायर हस्तलिखित याचिका में वाजे ने कहा कि उन्हें इस मामले में कभी गिरफ्तार नहीं किया गया। पूर्व पुलिसकर्मी ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने कहीं भी नहीं कहा कि वह कथित हत्या में शामिल था, न ही यूनुस के शव की पहचान की गई है। वाजे ने अदालत से अपना बयान दर्ज करने का अनुरोध किया जिसमें वह मामले के तथ्यों का पूर्ण और सच्चा



खुलासा करने के लिए सहमत हुए हैं।

**सचिन वाजे की याचिका में क्या?**

सचिन वाजे की याचिका में कहा गया, 'मैं पिछले 20 वर्षों से इस मामले के लंबित होने के कारण पीड़ित हूं। यह न केवल कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है, बल्कि यह मेरी आजीविका, प्रतिष्ठा और समाज में स्थिति को नुकसान पहुंचा रहा है।'याचिका में कहा गया है कि ऐसा नहीं लगता कि निकट भविष्य में मुकदमा दोबारा शुरू होगा और इस मुकदमे के खत्म होने में कुछ साल लगेंगे। वाजे ने कहा 'मैं जिस पीड़ा का सामना कर रहा हूं वह अंतहीन होगी। मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज पर कायम रहने का फैसला किया है और अपराध से संबंधित अपनी जानकारी के अनुसार पूर्ण और सच्चा खुलासा करना चाहता हूं।'

सॉफ्टवेयर इंजीनियर यूनुस को दिसंबर 2002 में घाटकोपर उपनगर में हुए बम विस्फोट के तुरंत बाद हिरासत में लिया गया था। उसे विस्फोट मामले में आगे की जांच के लिए औरंगाबाद ले जाया जा रहा था तभी पुलिस वाहन अहमदनगर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वह हिरासत से भाग निकला। इसके बाद राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने यूनुस को हिरासत में मारने और फिर सबूत नष्ट करने के आरोप में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी जांच में उस समय 14 पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया गया था, लेकिन सरकार ने केवल चार - वाजे, राजेंद्र तिवारी, राजाराम निकम और सुनील देसाई के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। वे फिलहाल इस मामले में हत्या, सबूत गढ़ने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। सहायक पुलिस निरीक्षक के रूप में काम कर चुके वाजे वर्तमान में एंटीलिया बम कांड मामले में जेल में हैं।

# संजय राउत बोले- '2024 चुनाव में बीजेपी 200 सीटें भी पार नहीं कर पाएगी'



**मुंबई:** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में , प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी दो स्थानों से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे लेकिन उनकी भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन 200 सीटें भी पार नहीं कर पाएगा. आज मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, राउत ने कहा कि एजेंसी के आतंकवाद का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को डराने के लिए किया जा रहा है। ''आप ( बीजेपी ) इस बार 400 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी, 200 सीटें भी पार नहीं कर पाएगी.

पीएम मोदी दो जगहों से चुनाव लड़ेंगे; वह जीतेंगे लेकिन उनकी पार्टी 2024 का चुनाव नहीं जीत पाएगी. यही कारण है कि विपक्षी नेताओं को डराने के लिए एजेंसी के आतंकवाद का इस्तेमाल किया जा रहा है। चाहे वह हेमंत सोरेन हों, लालू यादव हों, हमारी पार्टी के रवींद्र वायकर हों, पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर हों या मेरे भाई संदीप राउत हों, सभी को डराया जा रहा है। हम किसी एजेंसी से नहीं डरते।'' ईडी की कार्रवाई पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन , राउत ने कहा कि सोरेन लड़ेंगे. राउत ने कहा , ''मैं हेमंत सोरेन को अच्छी तरह से जानता हूं। वह भागने वालों में से नहीं हैं। वह लड़ेंगे। 2024 में उनकी ( बीजेपी ) हार के बाद हमारी बारी आएगी, तब हम भी देखेंगे।'' मल्लिकार्जुन खड़गे की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कि पीएम मोदी इस साल के आम चुनावों के बाद तानाशाही की घोषणा करेंगे, राउत ने कहा कि उन्हें 2024 के चुनावों के बाद रूस जैसी स्थिति में आने के बारे में कांग्रेस नेता की टिप्पणियों में कुछ भी गलत नहीं लगा।

उन्होंने कहा, ''खड़गे एक अनुभवी नेता हैं और उन्होंने यह बात सोच-समझकर कही होगी।'' ''महा विकास आघाड़ी की बैठक ट्राइडेंट होटल में सुबह 11 बजे शुरू होगी. इसमें तीनों दलों, शिवसेना, यूबीटी, एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस के बड़े नेता शामिल होंगे. इसके अलावा सीपीआई के साथ सीट बंटवारे पर भी चर्चा हुई है पूरा हो गया। आज प्रकाश अंबेडकर को आमंत्रित किया गया है। आज उनसे भी चर्चा होगी। महाराष्ट्र में सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है,'' राउत ने कहा। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 282 सीटें मिलीं और 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को 303 सीटें मिलीं.

# स्पीकर राहुल नार्वेकर का उद्धव ठाकरे को चैलेंज

## बोले- 'साहस हो तो बताएं कि शिवसेना...'

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे में साहस हो तो बताएं कि शिवसेना विधायकों से संबंधित अयोग्यता याचिका पर उनके फैसले में क्या गैरकानूनी था. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नार्वेकर को दलबदल विरोधी कानून की समीक्षा करने के लिए बनाई गई समिति का प्रमुख बनाया था जिसके बाद ठाकरे ने नार्वेकर की आलोचना की थी.





**उद्धव ठाकरे ने साधा था निशाना**

ठाकरे ने सवाल किया था कि क्या यह कदम देश में ''लोकतंत्र को खत्म करने की दिशा में अगला कदम है'', वहीं उनके बेटे और प्रदेश के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने चुटकी लेते हुए कहा था कि नार्वेकर को इसलिए समिति की अगुवाईका काम तो नहीं सौंपा गया है क्योंकि उन्हें पांच साल की अवधि में तीन दलों में शामिल होने का अनुभव है.

**राहुल नार्वेकर के फैसले पर उद्धव गुट का बयान**

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत और शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता जितेंद्र अव्हाड ने भी नार्वेकर को उक्त समिति का प्रमुख बनाने के कदम की आलोचना की थी. नार्वेकर ने अपने जवाब में कहा, ''मेरे खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणियां करने के बजाय उद्धव जी और अव्हाड के पास यह साबित करने का साहस नहीं है कि मैंने जो फैसला (अयोग्यता याचिकाओं पर) लिया, उसमें क्या गैरकानूनी है. संजय राउत को लेकर तो साहस का सवाल ही नहीं उठता.''

**एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना बताया**

बता दें, महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अपने फैसले में शिंदे गुट को असली शिवसेना बताया था. इस फैसले से उद्धव ठाकरे गुट को बड़ा झटका लगा था. इस फैसले के बाद उद्धव गुट ने नार्वेकर पर जमकर निशाना साधा था और उनके नतीजे पर सवाल खड़े किए थे. अब ये पहली बार है जब राहुल नार्वेकर ने मुखरता से शिवसेना (UBT) से सवाल पूछा है.




# चुनाव से पहले मुंबई की जनता को लगेगा महंगी बिजली का झटका, जल्द बढ़ सकते हैं दाम

**मुंबई:** चुनाव से पहले टाटा पावर कंपनी लिमिटेड ने टैरिफ युक्तिकरण पहल के तहत मुंबईकरों, खासकर निचले स्तर के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है. 2024-2025 में सभी उपभोक्ता समूहों के लिए प्रस्तावित औसत वृद्धि 12 फीसदी है, लेकिन सबसे अधिक भार कम आय वाले आवासीय उपभोक्ताओं और गरीबी रेखा से नीचे के उपयोगकताओं पर पड़ेगा, इसमें क्रमश: 201 फीसदी और 89 फीसदी की आश्चर्यजनक बढ़ोतरी प्रस्तावित है. उच्च-स्तरीय उपयोगकताओं और कुछ सार्वजनिक सेवा उपयोगकताओं को कुछ राहत मिलेगी.



### 66% तक बढ़ेगी यूनिट

वितरण कंपनी की घोषणा के अनुसार, टाटा पावर हर महीने 100 यूनिट तक खपत करने वाले ग्राहकों के लिए प्रति यूनिट दर को मौजूदा 3.74 रुपये से बढ़ाकर 7.37 रुपये करने की योजना बना रही है. 101-300 यूनिट के बीच खपत करने वालों के लिए, दरों में प्रस्तावित वृद्धि 5.89 से रु. 9.31 रुपये (66 फीसदी) है.

### कितनी बढ़ोतरी का प्रस्ताव

प्रस्तावों में शामिल हैं: गरीबी रेखा से नीचे के परिवार: 89 फीसदी टैरिफ वृद्धि; 0-100 इकाइयां: 201 फीसदी; 101-300 इकाइयां: 66 फीसदी; 301-500 इकाइयां: 10 फीसदी; और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी: 41 फीसदी. अन्य क्षेत्र जिनमें वृद्धि देखी जा सकती है वे हैं: ईवी चार्जिंग स्टेशन: 71 फीसदी तक टैरिफ वृद्धि; वाणिज्यिक उपभोक्ता: 8-25 फीसदी; औद्योगिक उपभोक्ता: 25-38 फीसदी; और सार्वजनिक सेवाएं: कुछ श्रेणियों को छोड़कर, 82 फीसदी तक. कुछ श्रेणियों को कुछ राहत मिल सकती है: प्रति माह 500 यूनिट से अधिक खपत वाले उच्च-स्तरीय आवासीय उपयोगकर्ता: टैरिफ में 5 फीसदी की कटौती; एचटी लोक सेवा श्रेणी के अंतर्गत बड़े सार्वजनिक सेवा ग्राहक: टैरिफ में 18 फीसदी तक की कमी; और मेट्रो और मोनोरेल: टैरिफ में 29 फीसदी तक की कटौती की गई.

कंपनी द्वारा अप्रैल 2023 में 11.88 फीसदी (2023-2024) और 12.19 फीसदी (2024-2025) की औसत बढ़ोतरी हासिल करने के एक साल से भी कम समय में भारी बढ़ोतरी और आंशिक राहत आई है. टाटा पावर की पिछली टैरिफ बढ़ोतरी की मंजूरी को पिछले साल (अप्रैल 2023) बिजली अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) के समक्ष चुनौती दी गई थी, जिसने इस महीने (जनवरी 2024) कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया, जिससे नवीनतम टैरिफ प्रस्ताव का मार्ग प्रशस्त हो गया.

### महाराष्ट्र में 7.50 लाख उपभोक्ता

महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग ने मामले में अपने अंतिम निर्णय से पहले 27 फरवरी को होने वाली सार्वजनिक सुनवाई के साथ नए प्रस्तावों के लिए सार्वजनिक सुझाव/आपत्तियां मांगी हैं. टाटा पावर मौजूदा समय में मुंबई में लगभग 7.50 लाख उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करता है, इसमें 5.5 लाख आवासीय उपयोगकर्ता हैं, जो आमतौर पर प्रति माह 300 यूनिट से कम खपत करते हैं.

### चुनाव 2024 से पहले टैरिफ बढ़ोतरी

अगर मंजूरी दे दी गई, तो टैरिफ में प्रस्तावित भारी संशोधन से अप्रैल से चुनावी मौसम में उपभोक्ताओं के बिलों पर एक महत्वपूर्ण भार बढ़ने की उम्मीद है. इस साल राज्य में संसद और विधानसभा चुनावों से ठीक पहले, टैरिफ बढ़ोतरी के कदम को उपभोक्ता समूहों के साथ-साथ राजनीतिक दलों से भी समर्थन मिलने की उम्मीद है. इसके अलावा, देश की वाणिज्यिक राजधानी में कार्यरत अन्य बिजली वितरण कंपनियों के उपभोक्ताओं पर भी इसका संभावित प्रभाव पड़ने की संभावना है.

# बचपन की दोस्त को ब्लैकमेल करके लाखों रुपये ठगे




**नासिक:** दोस्ती, लव, सेक्स और धोखे का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। महाराष्ट्र के नासिक में एक शख्स ने अपने बचपन की दोस्त की दोस्त को ब्लैकमेल करके लाखों रुपये ठग लिए। वह यह ब्लैकमेलिंग कई सालों तक करता रहा। आखिर जब अति हो गई तो युवती ने पुलिस से संपर्क किया। उसके बाद युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवक की तलाश के लिए कई टीमें बनाई गई हैं, जो महाराष्ट्र में लगातार छापेमारी करके युवक की तलाश कर रही हैं। पुलिस ने कहा कि दोनों की पहचान बीते 31 साल से थी। युवक बेरोजगार है और उसने युवती से 40 लाख रुपए की वसूली की।

# यूनेस्को की विश्व विरासत सूची के रूप में मान्यता के लिए भारत का नामांकन

**मुंबई:** मराठा सैन्य परिदृश्य वर्ष 2024-25 के लिए यूनेस्को की विश्व विरासत सूची के रूप में मान्यता के लिए भारत का नामांकन होगा।इस नामांकन के बारह घटक भाग हैं, महाराष्ट्र में सालहेर किला, शिवनेरी किला, लोहगढ़, खंडेरी किला, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजय दुर्ग, सिंधुदुर्ग और तमिलनाडु में जिंजी किला।विविध भौगोलिक और भौगोलिक क्षेत्रों में वितरित ये घटक मराठा शासन की रणनीतिक सैन्य शक्तियों को प्रदर्शित करते हैं।भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य, जो 17वीं और 19वीं शताब्दी के बीच विकसित हुए, मराठा शासकों द्वारा कल्पना की गई एक असाधारण किलेबंदी और सैन्य प्रणाली का प्रतिनिधित्व करते हैं।

किलों का यह असाधारण नेटवर्क, पदानुक्रम, पैमाने और टाइपोलॉजिकल विशेषताओं में भिन्न, भारतीय प्रायद्वीप में स'ाद्री पर्वत श्रृंखलाओं, कोंकण तट, दक्कन पठार और पूर्वी घाटों के लिए विशिष्ट परिदृश्य, इलाके और भौगोलिक विशेषताओं को एकीकृत करने का परिणाम है।

# सीट बंटवारे को लेकर महा विकास आघाडी की अहम बैठक



**मुंबई:** लोकसभा सीट बंटवारे को लेकर महा विकास आघाडी के घटक दलों की बैठक आज दक्षिण मुंबई के फाइव स्टार होटल में बुलाई गई है। इस बार की बैठक में वंचित आघाडी के प्रकाश आंबेडकर और समाजवादी पार्टी को भी निमंत्रण दिया गया है। समाजवादी पार्टी की ओर से विधायक रईस शेख शामिल होंगे।

उद्धव सेना के प्रवक्ता संजय राउत ने दावा किया कि है कि सीट बंटवारे को लेकर मंगलवार को हमारी अंतिम बैठक होगी। बीजेपी नीत महायुति को लोकसभा चुनाव में राज्य की 48 सीटों पर टक्कर देने से पहले सीट बंटवारे को लेकर आघाडी का पेंच फिलहाल फंसा हुआ है। बता दें कि एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी और कांग्रेस शामिल है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन से बाहर जाने के बाद यह पहली महत्वपूर्ण बैठक है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन से अलग होकर एनडीए में जाने का भी असर बैठक में देखने को मिल सकता है।

पिछले दिनों कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी, उद्धव सेना के प्रमुख नेताओं ने 8 घंटे तक चर्चा की थी, लेकिन बैठक किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी थी। हालांकि, तब संजय राउत ने दावा किया था कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी के दलों में सीट बंटवारे को लेकर कोई समस्या नहीं है। लगभग सभी सीटों पर समझौता हो गया है। लेकिन राउत ने यह नहीं बताया था कि किस दाल को कितनी सीटें मिली हैं। उन्होंने इतना जरूर दवा किया था कि हम लोकसभा चुनाव महा विकास आघाडी के बैनर तले ही लड़ेंगे और हम एकजुट हैं। मंगलवार को तीनों दलों के नेता सुबह 11 बजे फिर मिलेंगे। इसके बाद सपा और बहुजन विकास आघाडी के साथ 3 बजे से बैठक होगी। इस दौरान शेकाप के जयंत पाटील भी बैठक में शामिल होंगे। पिछली बैठक में महाविकास आघाडी ने वंचित आघाडी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर को भी निमंत्रण दिया था, लेकिन वे और उनका कोई प्रतिनिधि नहीं आया। उस वक्त आंबेडकर ने कहा था कि आगामी आम चुनावों में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए 24-24 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं।

# कॉन्सर्ट के दौरान मोबाइल फोन चुराने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई:** ताड़देव पुलिस ने विभिन्न गिरोहों से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने महालक्ष्मी रेस कोर्स में आयोजित दो दिवसीय संगीत समारोह, लोलापालूजा के दौरान मोबाइल फोन चोरी करने के स्पष्ट इरादे से टिकट खरीदे थे, जिनमें से प्रत्येक की कीमत 5,000 रुपये थी। यह पता चला कि आरोपी विशेष रूप से प्रतिभागियों को निशाना बनाने और लूटने के मकसद से कार्यक्रम में आए थे।तारदेओ पुलिस सूत्रों के अनुसार, सप्ताहांत संगीत कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए, जिसमें शनिवार और रविवार को जीवंत संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। संगीत प्रेमियों की मौज-मस्ती के बीच पुलिस ने सात चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की.

पुलिस ने खुलासा किया कि कई लोग चोरी के इरादे से लोलापालूजा में दाखिल हुए थे और सीसीटीवी फुटेज की जांच से गिरफ्तारी में मदद मिली। अब तक, सात सात ने मोबाइल फोन चोरी की सूचना दी है, जिसमें मुख्य रूप से आईफोन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम के दौरान एक कैमरा चोरी होने की भी सूचना मिली थी।

आरोपी दिल्ली, मालवानी और मुंब्रा समेत विभिन्न स्थानों के रहने वाले हैं। विशेष रूप से, उन्होंने इवेंट टिकट खरीदे थे, जो पूर्व-निर्धारित आपराधिक इरादे को दर्शाता है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मालवानी से तनवीर डांबरा, और दिल्ली से झ्र विकास झा, सलीम सय्यद, और इमरान लियाकत अली, साथ ही मुंब्रा से मुनीर कपाड़िया, सुफिया कुरेशी और उमर शेख शामिल हैं।विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संगीत समारोह लोलापालूजा इंडिया ने इस



बार मुंबई में अपनी पहचान बनाई, जिसमें दुनिया भर के प्रसिद्ध बैंड और गायक शामिल हुए। 27 और 28 जनवरी को महालक्ष्मी रेस कोर्स में आयोजित दो दिवसीय संगीत कार्यक्रम में विविध कार्यक्रम देखने को मिले, जिसने दूर-दूर से संगीत प्रेमियों को आकर्षित किया।

# आरबीआई ने जारी निदेशों का पालन न करने पर मुला सहकारी बैंक पर 50,000 रुपये का जुमार्ना

**अहमदनगर:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जारी निदेशों का पालन न करने पर मुला सहकारी बैंक लिमिटेड , सोनाई, जिला अहमदनगर , महाराष्ट्र पर 50,000 रुपये का जुमार्ना लगाया है। आरबीआई. '' भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीएल) ने 8 जनवरी, 2024 के एक आदेश द्वारा 'एक्सपोजर नॉर्म्स'पर आरबीआई द्वारा जारी निदेशों का पालन न करने पर 50,000/- रुपये (पचास हजार रुपये मात्र) का मौद्रिक जुमार्ना लगाया है। और वैधानिक/अन्य प्रतिबंधझ्रअर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (यूसीबी),'' सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार। यह जुमार्ना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(‌) और 56 के साथ पठित धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है। यह कार्रवाई विनियामक अनुपालन में कमी पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता को प्रभावित करना नहीं है।




# 'संयुक्त परिवार प्रणाली खत्म होने के कारण नहीं हो पा रही बुजुर्गों की देखभाल'- बंबई उच्च न्यायालय



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया, जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, ''संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण कई बुजुर्गों की अब उनके परिवार द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है। परिणामस्वरूप, कई वृद्ध लोग, विशेष रूप से विधवा महिलाएं, अपने अंतिम पड़ाव में अकेले रह जा रहे हैं, भावनात्मक उपेक्षा, वित्तीय और शारीरिक कठिनाई का अनुभव कर रहे हैं।''

**महिला के बेटे ने घर छोड़ने के लिए किया मजबूर**

वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर कोर्ट ने यह आदेश पारित किया था, जिसमें उन्हें अपनी मुलुंड में रहने वाली बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने के निर्देश दिए गए थे। बुजुर्ग महिला लक्ष्मी चंदनशिवे के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु हो गई। उसके बाद बेटा और उसकी पत्नी उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया।

## राहुल गांधी ने बिहार में खोला मोर्चा...

# हमें नीतीश कुमार की जरूरत नहीं, वो दबाव में बदल गए...

**मुंबई :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार (30 जनवरी) को बिहार में हुए जातिगत सर्वे को लेकर बड़ा दावा किया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सर्वे के लिए हमने कहा था, लेकिन बीजेपी इसके लिए कभी राजी नहीं रही. बिहार में महागठबंधन सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ेगा. ऐसे में हमें नीतीश कुमार की जरूरत नहीं है. वो दबाव में बदल गए. बिहार के पूर्णिया में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, ''मैंने नीतीश कुमार से साफ कह दिया था कि आपको बिहार में जातिगत जनगणना करनी पड़ेगी. हमने नीतीश कुमार से दबाव में बिहार में जातिगत जनगणना कराई थी, लेकिन बीजेपी नहीं चाहती है कि देश में जातिगत जनगणना हो.''

उन्होंने इस दौरान जाति जनगणना की मांग करते हुए कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज देश का सबसे बड़ा समाज है, लेकिन मै



अगर आपसे सवाल करूंगा कि देश में ओबीसी समाज की आबादी कितनी है तो आप नहीं बता पाएंगे. इस देश में किसकी कितनी आबादी है? इसको लेकर गिनती हो जानी चाहिए है. इससे हमें पता चलेगा कि किस समाज की कितनी जनसंख्या है, लेकिन बीजेपी ये नहीं चाहती.

**राहुल गांधी ने क्या कहा?**

राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हम 5 न्याय की बात कर रहे हैं. इसमें एक न्याय भागीदारी न्याय'है. इस देश की सरकारी संस्थाओं को 90 अफसर चलाते हैं, जिनमें सिर्फ 3 अफसर ओबीसी वर्ग के हैं. इस सरकार में ओबीसी. एससी और एसटी वर्ग के लोगों की कोई भागीदारी नहीं है.

**हमें एक मौका दें- राहुल गांधी**

राहुल गांधी ने कहा,'' केंद्र की मोदी सरकार किसानों की चिंताओं को दूर करने में विफल रही है. मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप हमें एक मौका दें और हम आपका विश्वास दोबारा जीतने की कोशिश करेंगे.'' उन्होंने आगे कहा, ''कृपया ध्यान दें कि ये खोखले शब्द नहीं हैं. हमारा पिछला रिकॉर्ड अपने बारे में बोलता है. हम किसान हितैषी भूमि अधिग्रहण बिल लाए. हमने 72,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया और छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में, जहां कांग्रेस हाल तक सत्ता में थी, हमने सुनिश्चित किया कि किसानों को उनकी उपज के लिए पर्याप्त कीमत मिले.''

# तीन दोस्तों ने कर दी युवक की हत्या!

**ठाणे :** वागले एस्टेट इलाके में तानाजी शिंदे नामक युवक की उसके तीन दोस्तों ने लकड़ी की फल्ली से सिर पर वार करके हत्या कर दी। इस मामले में वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में हत्या का केस दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है और इसी बीच पुलिस ने एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कहा कि मामूली विवाद और गालीगलौज के कारण उक्त घटना हुई है। सोमवार सुबह करीब 4 बजे वागले एस्टेट के समतानगर जलवाहिनी इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शख्स के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। इससे साफ हो गया कि उसकी हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वागले इस्टेट पुलिस मौके पर पहुंची, इस बीच जांच में पता चला कि शव रामचन्द्र नगर इलाके में रहने वाले तानाजी शिंदे का है और उसके दोस्तों ने ही उसकी हत्या की है।

# सांगली जिले के एक स्कूल में सहपाठी पर छात्र ने किया चाकू से वार...

## धारा 307 के तहत 15 वर्षीय आरोपी पर केस दर्ज

**मुंबई :** महाराष्ट्र के सांगली जिले के एक स्कूल में एक छात्र ने अपने सहपाठी पर क्लासरूम में धारदार ऑब्जेक्ट से हमला किया। इससे 14 साल का छात्र घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि घटना सोमवार शाम को हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला कि दोनों सहपाठियों के बीच पहले से ही किसी बात पर विवाद चल रहा था। अधिकारी ने कहा कि आरोपी और पीड़ित छात्र के बीच छोटी-छोटी बातों पर अक्सर झगड़े होते थे और दो दिन पहले भी उनके बीच बहस हुई थी। बता दें कि दोनों सांगली में 100 फीट रोड इलाके के निवासी हैं।



**स्कूल बैग में लाया था चाकू**

बताया जा रहा है कि सोमवार को आरोपी लड़का अपने स्कूल बैग में एक छोटा चाकू लेकर आया था। शाम करीब 5.30 बजे, उसने कथित तौर पर अपने सहपाठी पर किसी नुकीली चीज से हमला किया। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित की गर्दन और हाथों पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्कूल प्रशासन घायल बच्चे को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गया। लड़के को घाव के लिए टांके लगाए गए। सांगली के सिटी पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर संजय मोरे ने कहा कि बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर है।

**छात्रा पर केस दर्ज**

अधिकारी ने कहा कि इस मामले में 307 (हत्या का प्रयास) सहित भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दिया है। पीड़ित लड़के पर हमला करने वाले 15 वर्षीय आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

# नवी मुंबई में खदान में विस्फोट की प्रक्रिया के दौरान 1 व्यक्ति की मौत, 2 घायल



**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में एक खदान में विस्फोट की प्रक्रिया के दौरान पत्थर गिरने से 32 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटना सोमवार को दोपहर करीब दो बजे पनवेल इलाके में स्थित खदान में हुई। पनवेल शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के दौरान अलग हुए कुछ पत्थरों की चपेट में एक खुदाई मशीन के ऑपरेटर सहित तीन कर्मचारी आ गए। ऑपरेटर की मौत हो गई है। उसकी पहचान अविनाश केश्वर कुजूर के रूप में हुई है। घटना में दो अन्य कर्मचारियों के सिर में चोटें आई हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

# 5 महिलाओं के साथ धोखे से की शादी... बॉम्बे हाई कोट का बड़ा फैसला



**मुंबई :** यह देखते हुए कि धोखाधड़ी का अपराध स्पष्ट रूप से बनता है, बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसने पांच महिलाओं से शादी की थी और तथ्य छुपाया था। जस्टिस सारंग कोटवाल ने उनकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह दिखाने के लिए पर्याप्त सामग्री है कि आरोपी ने कई महिलाओं को धोखा दिया है. न्यायमूर्ति कोटवाल ने कहा, ''अग्रिम जमानत आदेश देने का कोई मामला नहीं बनता है।''

एचसी शांतिलाल खरात की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी की शिकायत पर पिछले साल रायगढ़ के रसायनी पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज मामले में अग्रिम जमानत की मांग की थी। महिला के मुताबिक, उसकी मुलाकात खरात से अप्रैल 2022 में एक वैवाहिक वेबसाइट के जरिए हुई थी और उन्होंने उसी साल जून में शादी कर ली। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद खरात ने वित्तीय मदद मांगी और उन्होंने उन्हें 7 लाख रुपये दिए। उसने उसके गहने गिरवी रखकर 32 लाख रुपये भी उधार लिए थे। बाद में, उसे संदेह हुआ कि उसका अपने सहकर्मी के साथ अफेयर चल रहा है और वह जनवरी 2023 में अपने माता-पिता के घर लौट आई। आगे की पूछताछ पर, उसे पता चला कि उसकी पहले भी चार बार शादी हो चुकी थी और उसकी पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी, जैसा कि अनुसार शिकायत। उसकी शिकायत के आधार पर, पुलिस ने भारतीय दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी, द्विविवाह और आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सएप नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com